राज्यपाल सचिवालय,
राजभवन, जयपुर

कोरोना वायरस से लडने वालों के प्रति राज्यपाल ने आभार जताया

राज्यपाल श्री मिश्र ने थाली बजाकर हौसला बढ़ाया

जयपुर, 22 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र रविवार को यहां राजभवन में सांय 5 बजे मुख्य भवन के द्वार पर आये। राज्यपाल ने थाली बजाकर कोरोना वायरस से बचाने में लगे हुए स्वास्थ्य व सुरक्षाकर्मियों और अन्य लोगों के प्रति आभार जताया। राज्यपाल ने पांच मिनिट तक थाली बजाई। इस मौके पर राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र ने भी घंटी बजाई और उनके परिजनों ने भी थाली और ताली बजाई।

राज्यपाल ने कहा कि कोरोना वायरस से बचाव के लिए किये गये जनता कर्फ्यू का समर्थन कर प्रदेशवासियों ने एकजुटता का परिचय दिया है। यहां के लोगों ने घर पर रह कर इस महामारी से देश को बचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई है। राज्यपाल ने प्रदेशवासियों के प्रति भी आभार जताया।

राज्यपाल ने आज दिन भर कोरोना वायरस से बचाव के लिए प्रदेश में किये जा रहे उपचारों पर निगरानी रखी। राज्यपाल ने राज्य सरकार से प्रत्येक घंटे जानकारी ली। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत से दूरभाष पर वार्ता कर प्रदेश में कोरोना वायरस के हालातों की जानकारी ली। राज्यपाल ने स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री रोहित कुमार सिंह से प्रदेश के प्रत्येक जिले में कोरोना वायरस से बचाव के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तार से जानकारी ली।

राज्यपाल ने कहा कि ताली, थाली और घंटियों के नाद से वातावरण में सकारात्मकता पैदा हुई है, जो हमें कोरोना के नकारात्मक प्रभाव से बचायेगा। राज्यपाल ने केन्द्र व राज्य सरकार की कोरोना से लडने की रणनीति में आगे भी प्रदेशवासियों को इसी तरह सहयोग करने की अपील की है।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा,
सहायक निदेशक, जनसम्पर्क,
राज्यपाल, राजस्थान